बीकानेर में अंतर्राष्ट्रीय ऊँट महोत्सव का आगाज 11 जनवरी से

चर्चा में क्यों?

5 दिसंबर, 2023 को बीकानेर के कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये बीकानेर में अंतर्राष्ट्रीय ऊँट महोत्सव 11 से 14 जनवरी तक होगा।

प्रमुख बिंदु

- ज़िला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि इस बार 'आइकंस ऑफ बीकानेर' की थीम पर ऊँट उत्सव आयोजित होगा। इसमें स्थानीय कला, संगीत और संस्कृति में विशिष उपलब्धियाँ हासिल करने वाले कलाकारों को उत्सव के माध्यम से एक वैश्विक मंच उपलब्ध करवाया जाएगा।
- ऊँट उत्सव में 11 जनवरी को क्लासिकल फॉर्म्स ऑफ आर्ट्स के संबंध में विशेष आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शास्त्रीय संगीत व शास्त्रीय नृत्य से जुड़े कलाकारों द्वारा विशेष प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी।
- उत्सव के दौरान 12 जनवरी को धरणीधर स्टेडियम में कला व संस्कृति का फ्यूज़न शो का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय लोक कला संस्कृति के रंगों के साथ-साथ कंटेंपरेरी आर्ट भी जोड़कर आयोजित होगा। स्थानीय व्यंजन भी इस शो के आकर्षण रहेंगे।
- ज़िला कलेक्टर ने बताया कि कैमल फेस्टिवल के दौरान काइट फ्लाइंग कंपटीशन का आयोजन भी किया जाएगा। मेले के दौरान प्रतिदिन शहरी परकोटे में पैदल वॉक और तांगा राइड, हवेली संगीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।
- सहायक निदेशक पर्यटन कृष्ण कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय ऊँट उत्सव के दौरान रायसर में सेलिब्रिटी नाइट आयोजित की जाएगी, जिसमें अग्नि नृत्य के साथ-साथ एक विशेष सेलिब्रिटी को प्रस्तुति हेतु आमंत्रित किया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि रायसर के घोड़ों में घुड़दौड़ और घोड़ों के नृत्य भी इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय ऊँट उत्सव में आकर्षण के विशेष केंद्र होंगे। कैमल फार्म में प्रतिवर्ष की भांति ऊँट दौड़ आयोजित होगी। कैमल फार्म में ऊँट श्रृंगार प्रतियोगिता ऊँट दौड़ प्रतियोगिता ऊँट डाँस प्रतियोगिता एवं ऊँट पर कटिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-camel-festival-begins-in-bikaner-from-january-11